Regarding need to give benefits of crop insurance to farmers in Jalgaon Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : मैं आज जलगांव लोक सभा क्षेत्र के किसानों की ओर से खड़ी हूँ, जो फसल बीमा के लाभ से वंचित हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास करते आ रही है। मेरे क्षेत्र के कई किसानों को अभी भी वर्ष 2022-23 सीजन के लिए फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है। यह एक गंभीर मुद्दा है जो किसानों को आर्थिक रूप से प्रभावित कर रहा है। तत्कालीन कृषि मंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया। समिति ने लगभग 12 हजार किसानों में से 8200 किसानो की तक्रार अर्ज को समिति में दाखिल किया था और उसके बाद समिति ने उसमे से जांच पड़ताल कर लगभग 6690 किसानों के दावों का सत्यापन किया, लेकिन उन्हें अभी तक लाभ नहीं मिला है। मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि वे तत्काल समन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर इस प्रक्रिया में तेजी लाने और इन पात्र किसानों को जल्द से जल्द फसल बीमा का लाभ जारी करने का निर्देश दे। मैं माननीय कृषि मंत्री से अनुरोध करती हूँ कि वे इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखें और प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करें।